कालीन निर्यात संवर्धन परिषद्
CARPET EXPORT PROMOTION COUNCIL
(Set up by Ministry of Textiles, Govt. of India)
Working Office : 2nd Floor, Rajiv Gandhi Handicrafts Bhawan, Baba Kharak Singh Marg, New Delhi – 110001
Phone : +91-11-233 647 16, 233 64717
E-mail : info@cepc.co.in, Website : www.cepc.co.in
Regd. Office : Shreejee Complex, Shop No. T-3, Sharma Market, Harola, Noida (U.P.)
Website of Ministry of Textiles : www.texmin.nic.in

# प्रेस विज्ञप्ति

7 नवंबर, 2020

भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और यह देश के पारंपरिक विरासत को संरक्षित करते हुए ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में शिल्प व्यक्तियों के एक विशाल क्षेत्र को रोजगार प्रदान करता है और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भी उत्पन्न करता है। कारीगरों और उनके आश्रितों को उनके काम और मूल्यों के प्रति समर्पण के लिए मान्यता और श्रेय देने की सरकार की प्रबल इच्छा हैं कारीगरों को आर्थिक उत्थान की दिशा में ले जाने के लिए उनका समर्थन करना चाहिए।

आज दिनांक 7 नवंबर, 2020 को वस्त्र मंत्रालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया । श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी, माननीय वस्त्र, बाल और महिला विकास मंत्री, श्री रवि कपूर, आईएएस, सचिव (वस्त्र), श्री शांतमनु, आईएएस, विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), अन्य वरिष्ठ अधिकरीगण, सभी निर्यात संवर्धन परिषदों और व्यापार निकायों के प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया।

श्री सिद्ध नाथ सिंह, अध्यक्ष, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद, श्री उमेश कुमार गुप्ता, श्री अब्दुल रब, श्री फिरोज वज़िरी, श्री बोध राज मल्होत्रा, श्री हुसैन जाफ़र हुसैनी, श्री सतीश वतल, श्री संजय गुप्ता, श्री श्रीराम मौर्य, सदस्य प्रशासनिक समिति और श्री संजय कुमार, अधिशासी निदेशक, सीईपीसी ने बैठक में भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग का प्रतिनिधित्व किया।

श्री रवि कपूर, आईएएस, सचिव (वस्त्र) ने प्रारंभिक संबोधन मे सभी प्रतिभागियों को उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया । श्री कपूर ने उल्लेख किया कि टैग लाइन **"वोकल फॉर लोकल"** के साथ हथकरघा दिवस पर वस्त्र मंत्रालय का अभियान एक शानदार सफलता थी और मंत्रालय इसी क्रम मे भारतीय हस्तशिल्प और कालीन को बढ़ावा देने के लिए इस दिवाली के शुभ अवसर पर एक अभियान चलाने का निर्णय लिया हैं । जो निश्चित रूप से गरीब कारीगरों / बुनकरों को सीधे लाभान्वित करेगा।

श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी, माननीय वस्त्र, बाल और महिला विकास मंत्री ने अपने संबोधन में सोशल मीडिया के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी टीम पूर्ण सहयोग के साथ साथ सभी प्रतिभागियों से इस अभियान को सफल बनाने का अनुरोध किया । श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी ने सभी से इस दीपावली के अवसर पर भारतीय निर्माताओं द्वारा बनाई गई वस्तुओं को खरीदने का अनुरोध किया जिससे गरीब कारीगरों और बुनकरों के चेहरे पर मुस्कान लाई जा सके ।

कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष श्री सिद्ध नाथ सिंह ने उल्लेख किया कि इस अभियान से भारतीय हस्तनिर्मित कालीन उद्योग को बड़े पैमाने पर मदद मिलेगी और उन्होने सदस्यों से इस अभियान में अपना पूर्ण समर्थन देने और घरेलू बाजार में भारतीय हस्तनिर्मित कालीनों की हिस्सेदारी बढ़ाने के अवसर का उपयोग करने की अपील की ।